हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 3 मई 2026


तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


14 प्रतिभावान छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने दिया मेडल




11 संकरी में मजदूर दिवस पर सम्मान और ...





**खबर संक्षेप**

### ओमप्रकाश बलौदाजार एसपी हुए पदस्थ



**बलौदाबाजार।** जिले में शुक्रवार को ओमप्रकाश शर्मा (रा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में वे सेनानी, 4 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर में पदस्थ हैं। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के अवकाश पर जाने के कारण उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिले के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।ओमप्रकाश शर्मा पूर्व में एसडीओपी बलौदाबाजार के रूप में भी जिले में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके जिले में पुनः आगमन से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह देखा गया। पदभार शेष पेज 12 पर

### प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा आज

**बलौदाबाजार ।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रदेश स्तरीय वार्षिक आमसभा आज सतनाम भवन मड़वा गिरौदपुरी धाम में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। उक्त आमसभा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश भर के जिला ब्लॉक पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारीयों के उपस्थित में संस्था के वर्ष 24-25 के ऑडिट रिपोर्ट एवं आय व्यय की जानकारी, संगठन के बायलॉज में आवश्यक संशोधन सहित सालभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। आगामी कार्य योजना पर चर्चा होगी। सामाजिक संगठनों में समन्वय एवं संगठन विस्तार के साथ ही समाज के रीति नीति में परिवर्तन करने पर विचार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, महासचिव सुशील बंजारे व शेष पेज 12 पर

### राष्ट्रीय किसान कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन 4 को



**लवन।** राष्ट्रीय किसान कांग्रेस जिला इकाई जिला बलौदाबाजार भाटापारा का प्रथम अधिवेशन 4 मई को कांग्रेस भवन बलौदाबाजार में होगा। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने बताया कि अधिवेशन में समस्त कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन में शपथ समारोह, टीम का उद्देश्य एवं संचालन की कार्रवाई तथा एक दूसरे से चर्चा परिचर्चा हर पदाधिकारी की आचार विचार सभी के सहयोग से एक मजबूत संगठन तैयार करने की बारे में चर्चा होगी तथा सम्मानित सदस्यों से सुझाव लिया जाएगा।

# सिमगा में करोड़ों की लागत से बना नया बस स्टैंड हुआ वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

नगर पालिका सिमगा में पुराने बस स्टैंड की स्थिति खराब होने के कारण वर्ष 2008 में नगर पंचायत द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नये प्रतीक्षा बस स्टैंड का निर्माण किया गया था, जहां नगर के व्यापारियों के लिए कुल 27 दुकानें भी बनाई गई थी। ताकि वें अपना व्यवसाय कर अपना जीवन यापन कर सकें। छोटे मोटे दुकानदारों ने लाखों रुपए खर्च कर नीलामी के माध्यम से दुकानों को किराया पर लिया था। नये बस स्टैंड में पूर्व में सभी मार्गों में संचालित बसों का आवागमन होता था। जिससे बस स्टैंड पर यात्रियों की काफी चहल-पहल से एक अलग ही रौनक रहती थी।

## बसों के न आने से दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट

### दुकानें हो रहीं बंद

ऐसा नहीं है कि इन दुकानदारों ने अपनी समस्याओं को किसी के सामने न रखा हो दुकानदारों ने जनप्रतिनिधियों सहित थाना प्रभारी यातायात थाना प्रभारी तहसीलदार एसडीएम एस पी कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं, परंतु उनकी समस्या जस की तस है। बताते चलें कि इस बस स्टैंड में दुकानदारों की संख्या कम होती जा रही है। वर्तमान में दो होटल एक सेलून एक बैटरी एवं तीन चार मोटरसाइकिल सर्विसिंग की दुकान संचालित है। बाकी दुकानों पर ताला लटक रहा है।



### असामाजिक तत्वों का जमाव

जिससे धीरे-धीरे बस स्टैंड में असामाजिक तत्वों का डेरा बनते जा रहा है। बस संचालकों के स्टैंड में बस खड़ी न कर सड़क किनारे पर खड़े करने से यातायात व्यवस्था तो खराब होती ही है इससे गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह बात किसी से छुपी नहीं है कि सिमगा नगर सहित नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना आए दिन होते रहती है। इन सब कारणों से प्रतीक्षा बस स्टैंड में संचालित दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है।

जिससे दुकानदारों के साथ ही फल ठेला चना फल्ली एवं अन्य व्यवसाय करने वाले लोगों का व्यवसाय ठीक चला करता था। लेकिन चार पांच वर्षों से कुछ बसों को छोड़कर बाकी अन्य बसों का प्रतीक्षा बस स्टैंड में आवागमन नहीं होने से प्रतीक्षा बस स्टैंड की रौनक कहीं गुम हो गई है। ऐसा लगता है कि शासन ने यात्रियों के सुविधा लिए जो करोड़ों रुपए की लागत से प्रतीक्षा बस स्टैंड का निर्माण किया गया था वह सब कुछ व्यर्थ हो गया है। जिसके चलते दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। एक समय था जब इस बस स्टैंड के व्यवसाय अच्छा खासा व्यवसाय करते थे आज वे अब हाथ पर हाथ धरे ग्राहकों के आने की राह देखते रहते हैं।

## सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने मध्यप्रदेश तक किया पीछा

# युवक का अपहरण करनेवाले गिरफ्तार हथबंद पुलिस ने मध्यप्रदेश में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंद



रिंगनी रेलवे फाटक के पास से फिल्मी अंदाज में स्कॉर्पियो सवार बदमाशों द्वारा एक युवक के अपहरण की वारदात को हथबंद पुलिस और साइबर सेल की टीम ने महज 12 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने न केवल चारों आरोपियों को मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले से दबोचा, बल्कि अपहत युवक को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

घटना 1 मई की शाम करीब 5.52 बजे की है। रिंगनी स्थित आरएस इंफ्रा कंपनी के प्रार्थी चीनू शेख ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रेलवे फाटक के पास एक स्कॉर्पियो सीजी 16 सीयू 2066 में सवार कुछ अज्ञात लोगों ने कंपनी के सुपरवाइजर शैनू शेख के साथ मारपीट की और उसे जबरदस्ती वाहन में डालकर फरार हो गए। इस गंभीर सूचना पर पुलिस ने तत्काल तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हथबंद थाना और साइबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, टोल नाकों के डेटा और तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपियों का पीछा करना शुरू किया। रातभर चले इस ऑपरेशन में पुलिस टीम आरोपियों के पीछे लगी रही और आखिरकार करंजिया जिला डिंडोरी, म.प्र. में घेराबंदी कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों और सुपरवाइजर शैनू शेख के बीच पुरानी रंजिश और विवाद था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से मारपीट कर उसका अपहरण किया था।

गिरफ्तार आरोपियों में ओम नारायण पांडेय 33 वर्ष, अभिषेक श्याम 23 वर्ष, योगीराज परस्ते उर्फ राहुल 26 वर्ष तीनों आरोपी निवासी करंजिया जिला डिंडोरी म.प्र. और अजय यादव 38 वर्ष निवासी अमरकंटक, जिला अनूपपुर म.प्र. शामिल हैं।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली राशि

## आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी



जिले की चौकी सोनाखान पुलिस ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलने वाले शातिर आरोपी को कोल्हापुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब 8 अप्रैल 2024 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उसे उसका अश्लील वीडियो भेजा गया। आरोपी ने वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर 2000 रुपये की मांग की और अपना क्यूआर कोड भेजा। डर के मारे प्रार्थी ने 1000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन अगले ही दिन आरोपी ने लालच में आकर 15 हजार रुपये की और मांग शुरू कर दी।

> ■ तकनीकी विश्लेषण से जांच को मिली दिशा

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 384 भादवि और 67(A) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।शिवरीनारायण क्षेत्र का रहने वाला है आरोपी पकड़े गए आरोपी की पहचान ओमप्रकाश सहिस 22 वर्ष के रूप में हुई है, जो कुरियारी थाना शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा का निवासी है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार शेष पेज 10 पर

### दो बार घेराबंदी के बावजूद फरार

विवेचना के दौरान पुलिस ने मोबाइल नंबर, बैंक खातों और ट्रांजेक्शन के लिए इस्तेमाल किए गए क्यूआर कोड का तकनीकी विश्लेषण किया। जांच में आरोपी की लोकेशन कोल्हापुर, महाराष्ट्र पाई गई। आरोपी पुलिस से बचने में काफी शातिर था। सोनाखान पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र में दो बार घेराबंदी की, लेकिन आरोपी हर बार चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। आखिरकार, तीसरी बार पुलिस ने सटीक और प्रभावी रणनीति बनाई और दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा।

# सांसद लक्ष्मी वर्मा का आज आगमन, स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का आज तिल्दा आगमन हो रहा है। लक्ष्मी वर्मा के नगर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है । कार्यकर्ताओं ने स्वागत की जोरदार तैयारी कर रखी है। तिल्दा पहुंचने पर सर्वप्रथम जनपद कार्यालय के सामने बाजे गाजे के साथ जनपद सदस्यों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। यहां से वह एक खुली जीप में सवार होकर रैली की शक्ल में शहर का भ्रमण करते हुए स्टेशन चौक पहुंचेगी जहां व्यापारी संघ के द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा1 हेमू कालानी चौक के बाद विकास कोटवानी के निवास के सामने लक्ष्मी बघेल का आतिशी स्वागत होगा । पश्चात पंजवानी निवास के सामने भी लक्ष्मी पटेल जी का स्वागत किया जाएगा । स्टेशन चौक तिल्दा से लेकर नेवरा तक लगभग 15 स्थान पर उनका स्वागत होगा। उनके आगमन को लेकर शहर में भाजपा के झंडे और फ्लेक्स भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में मंत्री टंक राम वर्मा पूर्व विधायक को लेकर प्रमोद शर्मा भी शामिल होंगे भाजपा नेता दीपक शर्मा विकास कोटवानी राम पंजवानी सुंदर दास पंजवानी रमेश अग्रवाल शहर महामंत्री सुरेश मंडल सौरभ जैन ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से रैली में शामिल होने की अपील की है।

# जिले में धरोहर वृक्ष गणना अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत धरोहर वृक्ष गणना अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 1 मई से 15 जून तक संचालित किया जाएगा।

अभियान के तहत पीपल, बरगद सहित अन्य दीर्घायु एवं पारिस्थितिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों को चिन्हित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ये वृक्ष न केवल जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय की आस्था, परंपरा एवं सामाजिक पहचान से भी जुड़े होते हैं। ऐसे वृक्षों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण कर भविष्य में उनके संरक्षण हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

> ■ पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी पर जोर

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि धरोहर वृक्ष केवल पेड़ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पर्यावरण की शेष पेज 12 पर

### जैव विविधता संरक्षण अभियान

इस पहल की विशेषता यह है कि इसमें आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं प्रकृति प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आसपास स्थित ऐसे वृक्षों की पहचान करें, उनका जियो-टैग्ड फोटो लें, स्थान अंकित करें तथा निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से जानकारी साझा करें। क्यू आर कोड के माध्यम से भी यह प्रक्रिया सरलतापूर्वक पूरी की जा सकती है। इस अभियान के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह समझ विकसित की जाएगी कि क्षेत्र में कौन-कौन से वृक्ष स्थानीय स्तर पर विशेष महत्व रखते हैं तथा वे पारिस्थितिकी संतुलन एवं जैव विविधता में किस प्रकार योगदान दे रहे हैं। इससे भविष्य में संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन से संबंधित योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा

# जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण की शुरुआत आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिला अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्रहण सत्र वर्ष 2026 क़ी शुरुआत शुभारंभ 3 मई से होगी। इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य समस्त फड़ों में फड़ मुंशी के माध्यम से संपादित किया जाएगा।

> ■ इस वर्ष 23500 मानक बोरा खरीदी का है लक्ष्य

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित बलौदाबाजार के अंतर्गत आने वाली 24 समितियों के कुल 16 तेन्दूपत्ता लॉट का अग्रिम विक्रय किया जा चुका है।

इस वर्ष 23,500 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि लक्ष्य पूर्ण होने के पश्चात भी यदि गुणवत्तापूर्ण पत्तों की उपलब्धता बनी रहती है, तो संग्रहण कार्य जारी रखा जाएगा।

गत वर्ष 2025 में कुल 20,114 संग्राहकों द्वारा 11,63,03,357 की राशि का तेन्दूपत्ता विक्रय किया गया था, जिसमें प्रति संग्राहक औसत आय 5,782 रही। यह आंकड़े इस बात को दर्शाते हैं कि तेन्दूपत्ता संग्रहण ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है। इस वर्ष तेंदूपत्ता की खरीदी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5500 प्रति मानक बोरा की दर से की जाएगी, जिससे संग्रहणकर्ताओं को उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित हो सके। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण सत्र के सुचारू संचालन, गुणवत्ता बनाए शेष पेज 12 पर

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मछुआ समिति को वितरित की सामग्री

# सुशासन तिहार में श्रीफल मछुआ समिति को मिला आइस बॉक्स और महाजाल, सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम रिसदा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मछली पालन विभाग द्वारा श्रीफल मछुआ समिति के सदस्यों को 2-2 नग आइस बॉक्स और महाजाल प्रदान किया।

ग्राम रिसदा के श्रीफल मछुआ समिति के सदस्य संतोषी फेकर, सावित्री फेकर, आशा फेकर एवं मुंगेशिया फेकर ने शिविर में आइस बॉक्स और महाजाल मिलने पर ख़ुशी जाहिर



करते हुए कहा कि अब मछली पालन का व्यवसाय अब परम्परागत से तकनीक की ओर बढ़ रहा है। आइस बॉक्स में लम्बे समय तक मछली रख सकते हैं और दूर बाजारों तक ले जा सकते हैं। महाजाल मिलने से बड़े जलाशयों और नदियों में मछली पकड़ना आसान होगा। बड़े जाल की मदद से एक ही बार में अधिक मात्रा में मछलियां पकड़ी जा सकती हैं।उन्होंने शासन के द्वारा सामग्री मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि शासन की शेष पेज 12 पर










संकलनकर्ता - इंदर कोटवानी, तिल्दा नेवरा, मो. 7000 171605, व्हाट्सएप नंबर 93006 88639

## खबर संक्षेप

### निलेश बने गुरु घासीदास ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री

**सेल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के



सक्रिय कार्यकर्ता निलेश सोनी को गुरु घासीदास ब्लॉक कांग्रेस का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू एवं ब्लॉक अध्यक्ष मिलिंद गौतम की अनुशंसा पर की गई है। कालीमाता वार्ड क्रमांक-12 निवासी निलेश सोनी पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं। नियुक्ति पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### खैदा में परगिया कुर्मी समाज की बैठक आज

**बगबुडा।** ग्राम खैदा में परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की रात्रिकालीन बैठक 3 मई को रात 8 बजे से रखी गई है। इसमें सामाजिक विकास हेतु चर्चा परिचर्चा के साथ प्राप्त आवेदनों पर निर्णय करते हुए वार्षिक अधिवेशन के संबंध में चर्चा की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, भूनेश्वरी तिलक वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ओमप्रकाश वर्मा धनकुमार यादव रोजगार साहयक सहयोगी, परदेशी, भूपेंद्र वर्मा, ने समाज के लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### ब्रह्माकुमारी में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन



**सेल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था कसडोल में शनिवार को बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन 7 चरणों में गर्भावस्था नवजात अवस्था शैशवावस्था, प्रारंभिक बाल्यावस्था मध्य बाल्यावस्था पूर्व-किशोरावस्था और किशोरावस्था शामिल रहा। ये चरण बच्चों के बढ़ने और सीखने की प्रक्रिया का आधार था। बताया गया कि बच्चों के आधार स्तंभों में तीन गुरुओं का विशेष योगदान होता है, जहां बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावात्मक सुधार होता है, जिसमें सर्वप्रथम गुरु माता-पिता शिक्षक और आध्यात्मिक गुरु शामिल हैं। जिनसे बच्चे सीखते है और अपने जीवन को सुदृढ़ बनाते हैं। इस दौरान संस्था की प्रभारी दीदी बी के सीता दीदी बी के भुनेश्वरी रौनक साहू, तीजराम साहू सहित अन्य मौजूद रहें।

## निधन

### जगदीश प्रसाद साहू

गिधौरी। ग्राम हसुवा निवासी 72 वर्षीय जगदीश प्रसाद साहू निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार



स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। वे रामकुमार साहू, सीजन साहू, रामेश्वरी गोरेलाल साहू (पूर्व सरपंच) एवं साहेब लाल साहू के पिता थे। ग्रामवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# टीबी के प्रति जागरूक रहने संयंत्र ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

टीबी मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के तत्वावधान में मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स की यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स की कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में चीफ मेडिकल ऑफिसर रोहित यादव के निर्देशन में मेडिकल टीम के धीरज भुवा एवं अनुपमा राठौर द्वारा माइंस ऑफिस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्य नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता से जुड़ा राष्ट्रीय अभियान है, जो मरीजों को पुनः स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

अभियान के अंतर्गत आश्रित ग्राम कुकुरडीह में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम सरपंच टिकेश्वर ध्रुव, उपसरपंच डोमार साहू, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार के दौरान पोषण सहायता हेतु प्रतिमाह 500 रुपये की राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में निक्षय मित्र योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि आम नागरिक, संगठन एवं जनप्रतिनिधि टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करा सकते हैं। इससे समाज की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी और टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती मिलेगी।

## टीबी मुक्त भारत के तहत 100 दिवसीय अभियान का आयोजन



### कर्मचारियों व श्रमिकों ने लिया संकल्प

कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों के बीच तपेदिक (टीबी) रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को मजबूत करना था।अभियान की शुरुआत कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को शपथ दिलाकर की गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे टीबी को भारत से समाप्त करने में सहयोग करेंगे तथा इस बीमारी से जुड़े कलंक एवं भेदभाव को खत्म करने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। कार्यक्रम को अभिषेक भारद्वाज एफएच-माइंस ने संबोधित किया। वहीं हेमंत वर्मा एसएच-जियोलॉजिस्ट एवं संदीप सिंह एसएच-माइंस मेंटेनेंस ने कर्मचारियों एवं कॉन्ट्रैक्टर श्रमिकों को टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी।

## समाज सुधार की दिशा में की गई पहल, नशे से दूर रहने और संस्कारवान बनने का किया आह्वान

# सतनामी समाज का सम्मेलन, कफन और मृत्यु भोज पर प्रतिबंध सहित 15 प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के तत्वावधान में राजधानी रायपुर के विमतरा सभा हाल में एक दिवसीय विशाल सतनामी सामाजिक सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रमुखों एवं अतिथियों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया।

सम्मेलन में समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कफन प्रथा एवं मृत्यु भोज पर प्रतिबंध लगाने सहित कुल 15 बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर को ही मनाई जाएगी तथा समाज में शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा।







प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोसले ने समाज में एकता और समन्वय को मजबूत करने के लिए जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कारों में समयानुकूल संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और आधुनिक सोच अपनाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि समाज सर्वोपरि है। जब समाज सशक्त होगा, तभी हम सब सशक्त होंगे। उन्होंने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने और संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी।

पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने समाजहित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनना होगा। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग देने पर बल दिया।

सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने सामाजिक एकता, कुरीतियों के उन्मूलन और संगठनात्मक समन्वय पर अपने विचार रखे। धर्म परिवर्तन, नशाखोरी और सामाजिक विघटन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई गई।

पारित प्रमुख प्रस्तावों में सामाजिक कार्यक्रमों में सादगी, नशामुक्ति, सफेद वस्त्र अनिवार्यता, विवाह में सीमित संख्या, आदर्श विवाह को बढ़ावा, सामाजिक विवादों का समाज स्तर पर समाधान तथा प्रतिवर्ष सम्मेलन आयोजित करने जैसे निर्णय शामिल हैं। विशेष रूप से मृत्यु भोज पर पूर्ण प्रतिबंध और कफन व्यवस्था को सीमित करने का निर्णय समाज सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस सम्मेलन में मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, समाज प्रमुख, धर्मगुरु, साहित्यकार, पत्रकार एवं प्रदेश के लगभग 28 जिलों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर समाज के विकास और सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

# नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों से संवरेंगे बच्चों के संस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली और मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। विद्यार्थियों के जीवन में एकाग्रता, कला, शक्ति और सद्गुणों के संचार के उद्देश्य से राजयोग भवन ज्ञानोदय शिशु मंदिर के पास में 9 दिवसीय 'बाल व्यक्तित्व विकास शिविर' का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों ने दी प्रेरणा कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोहनलाल वर्मा सभापति जिला पंचायत बलौदाबाजार, हेमंत यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि और पी. आर. वर्मा प्राचार्य, ज्ञानोदय हिरमी उपस्थित रहे। यह शिविर 02 मई से 10 मई तक प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक चलेगा। शिविर में कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाः बच्चों के चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों पर विशेष सत्र। योग और मेडिटेशनः एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक शांति के लिए राजयोग का अभ्यास। मनोरंजन के साथ-साथ जीवन कौशल सिखाने वाले विशेष खेल। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के हुनर को निखारा जाएगा और विजेताओं को उपहार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए आईसीएसई कक्षा 10वीं एवं आईएससी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के प्रथम आईएससी (कक्षा 12वीं) बैच द्वारा यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त किए जाने से विद्यालय परिसर में हर्ष एवं गौरव का माहौल है। जिले में आईएससी बोर्ड की पहली कक्षा 12वीं बैच का 100 प्रतिशत परिणाम विशेष उपलब्धि माना जा रहा है।

कक्षा 12वीं में अलिजा लश्कर ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि निशामुद्दीन कुरैशी ने 91.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 8 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन तथा 12 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की।

वहीं आईसीएसई कक्षा 10वीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में 99 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 40 विद्यार्थियों को डिस्टिंक्शन एवं 51 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कक्षा 10वीं में वरुण कुमार वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। हिमानी साहू एवं पुष्पेंद्र पैकरा ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अस्ते मिश्रा 93 प्रतिशत के साथ तृतीय, पूर्वी वर्मा 92.4 प्रतिशत के साथ चतुर्थ तथा आरशिया फातिमा 92.2 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान पर रहीं।

विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। वरुण कुमार वर्मा ने इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि हर्षिता गुप्ता ने शारीरिक शिक्षा में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। हिमांशु यादव ने इतिहास एवं नागरिक शास्त्र तथा शारीरिक शिक्षा दोनों विषयों में 99-99 अंक प्राप्त किए।

विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर शेरिन थॉमस, शिक्षकों एवं प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# नगर में दिव्य मुस्कान समर कैंप का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा दिव्य मुस्कान समर कैंप का शुभारंभ वीके राठिया कार्यपालन यंत्री, राकेश ईदवानी डायरेक्टर, आधारशिला स्कूल और बीके मंजू दीदी ने किया।

समर कैंप के प्रथम दिन राकेश ईदवानी ने पेन के माध्यम से मूल्य का महत्व बताया कि पेन की उपयोगिता पेन में स्याही है तब तक है। ऐसे ही जीवन का मूल्य, उपयोगिता तब तक है जब तक जीवन में शांति, प्रेम, आनंद खुशी जैसे मूल्य अपने में है। इसके बिना जीवन मूल्यहीन है। उन्होंने कहा संगठन में ही शक्ति है। इसे उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट किया। जैसे टिफिन खाते वक्त संगठन में खाया जाए तो 4-5 प्रकार की सब्जिया और ही मिल जाती है, साथ ही मिलकर खाने का आंनद ही कुछ और आता है।

विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता होना अत्यंत आवश्यक है। इस बात पर वी के राठिया ने बच्चों को स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ वैल्यूज को भी समर कैंप में सीखने के लिए बच्चों में उमंग भरा। ब्रह्माकुमारी मंजू ने दिव्य मुस्कान समर कैंप के बारे में बताते हुए वर्तमान शिक्षा में मूल्य की शिक्षा को स्पष्ट करने के लिए एजुकेशन शब्द के एक-एक लेटर के माध्यम से बताया जो, नैतिक शिक्षा के बिना अधूरी है। साथ ही बच्चों को सेल्फ चेकिंग का चार्ट भी दिया गया। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर समर कैंप में भाग लिया।

# भारती विद्या मंदिर रवान का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**रावन।** भारती विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम रवान, अंबुजा सीमेंट का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम में अनामिका मिश्रा ने 92.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंग्रेजी माध्यम में मोंटी सिंह ने 91.6% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान में रहे। कक्षा दसवीं हिंदी माध्यम में कुणाल कुमार साहू ने 91.33% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ग्रहण किया तथा अंग्रेजी माध्यम में सुनिधि निषाद ने 83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। कक्षा आठवीं हिंदी माध्यम में हर्षिता वर्मा ने 95.27% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंग्रेजी माध्यम में लक्षिता टंडन ने 87.38% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। कक्षा पांचवी हिंदी माध्यम में लक्ष्य कुमार साहू ने 89% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ग्रहण किया तथा अंग्रेजी माध्यम में कुमारी आस्था रजक ने 92.86% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान में रही।10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के अंग्रेजी माध्यम के 100% छात्र उत्तीर्ण हुए। छात्रों की सफलता से विद्यालय परिवार में



खुशी की लहर फैल गई है। सभी छात्र एवं अभिभावकों ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। शिक्षकों ने भी सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी। विद्यालय के संरक्षक डॉ. बी एल साहू, संचालक शशिकांत साहू, प्राचार्य तेजराम साहू, एकेडमिक इंचार्ज बबीता रजवार एवं नेहा शर्मा तथा परीक्षा प्रभारी ईश्वर साहू ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मोक्षी ने 10वीं में हासिल किए 88.6 प्रतिशत अंक



**पलारी।** नगर के ठाकुर देव चौक निवासी कक्षा दसवीं की छात्रा मोक्षि सेन ने 88.6 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। मोक्षी के पिता चुरामन सेन, माता खेमलता सेन ने बताया की मोक्षी शुरू से ही होशियार छात्रा रही हैं और हमने उसे बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रेरित किया है, ताकि आने वाले पीढ़ी को प्रेरणा दे। विद्यालय परिवार और सेन समाज के लोगों ने इस सफलता पर मोक्षी सेन के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हायर सेकंडरी स्कूल खुरसुला का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बिलाईगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला ने बोर्ड परीक्षा शिक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 93.93 प्रतिशत तथा 12वीं का परिणाम 95.31 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में शशि साहू 92.83 प्रतिशत, भुनेश्वरी साहू 92.66 प्रतिशत, त्रिलोक कुमार 83.16 प्रतिशत अर्जित किए तथा कक्षा 12 वीं में सुमन डडसेना विज्ञान 90.4



प्रतिशत, सरिता पटेल 90.2 प्रतिशत, तोषण कुमारी कला 89.2 प्रतिशत प्राप्त किये। विद्यार्थियों तथा पालकों एवं शिक्षकों में विद्यार्थियों की सफलता की खुशियां दिखाई दी। विद्यार्थियों के निष्ठा, लगन, समय नियोजन एवं मेहनत से सभी को अच्छे अंक प्राप्त हुए। उनकी सफलता पर प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य, वरिष्ठ व्याख्याता रामसहाय डडसेना, भारतराम बंजारे, श्याम लाल नवरत्न, देवेंद्र कुमार राकेश, सालिक राम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, जीवन लाल नवरत्न संकुल समन्वयक, भूपेन्द्र कुमार डडसेना, नरेंद्र कुमार सोनी सोहन लाल डडसेना, सुरेशकुमार रात्रे, निर्मल कुमार खूटे, शिवकुमारी महिनांगे, रामचंद पटेल घनश्याम नागेश, कुसुमलता ठाकुर ने बधाई दी।



# महिलाओं का हक अब दलगत राजनीति से ऊपर, विशेष सत्र के बाद मुख्यमंत्री साय का बड़ा बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिला आरक्षण के संकल्प पर हुए विशेष सत्र की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे राज्य के इतिहास का 'ऐतिहासिक मोड़' बताया है। उन्होंने साफ किया कि मातृशक्ति को उनका हक देना अब किसी राजनीतिक नफे-नुकसान का विषय नहीं है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही एक विशेष उद्देश्य के साथ संपन्न हुई। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के संकल्प पर केंद्रित इस सत्र के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक माध्यमों से अपनी प्रतिक्रिया साझा की। मुख्यमंत्री ने इस सत्र के सफल आयोजन को देश की आधी आबादी के अधिकारों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह विशेष सत्र केवल चर्चा का माध्यम नहीं था, बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक कदम था। विशेष सत्र की गरिमा और इसके आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। साय का मानना है कि इस तरह के सत्र लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं और उन वर्गों को आवाज देते हैं जो अब तक नेतृत्व से दूर थे।



### सम्मान नहीं, सामर्थ्य की आधारशिला

सत्र के समापन के बाद जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री साय ने भावुक होते हुए कहा कि मातृशक्ति उनके लिए केवल सम्मान का विषय नहीं है। उन्होंने लिखा, महिलाएं सृजन, संस्कार और सामर्थ्य की आधारशिला हैं। उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र की आर्थिक और सामाजिक योजनाओं के बाद अब छत्तीसगढ़ उनकी राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करने के अगले चरण की ओर बढ़ चुका है।

### गौरवशाली क्षण

सत्र के दौरान सदन की दर्शक दीर्घा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं की मौजूदगी को मुख्यमंत्री ने 'गौरवशाली क्षण' बताया। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व ने सदन के भीतर जिस प्रखरता से अपनी बात रखी, वह नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर पेश करता है।विरोधियों को सीधा संदेशमुख्यमंत्री ने अपने बयान में उन आवाजों को भी आड़े हाथों लिया जो इस प्रक्रिया में बाधक बनती रही हैं। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा,नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करना अब न्यायसंगत नहीं है। यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र के समग्र विकास से जुड़ा है।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के सम्मान के लिए कांग्रेस सदैव समर्पित: बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर राजधानी के शहीद स्मारक परिसर में श्रमिक सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का गौरवशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। उपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान का रहा है। मोहम्मद सिद्दीक ने इस प्रकोष्ठ को कांग्रेस के मुख्य मोर्चा संगठनों के समकक्ष ला खड़ा किया है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बुलंद करने के निर्देश दिए।

### फाइलेरिया व मलेरिया नियंत्रण में राज्य मॉडल की देशभर में सराहना

**रायपुर।** जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 30 अप्रैल और 1 मई को चंडीगढ़ में आयोजित "नेशनल समिट ऑन इनोवेशन एंड इनक्लूसिविटी- बेस्टर प्रेक्टिस शेपिंग इंडिया फ्यूचर" में राज्य को फाइलेरिया और मलेरिया उन्मूलन के लिए अपनाई गई नवाचारी पहलों पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल राज्य की स्वास्थ्य रणनीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल की सफलता का भी प्रमाण है।

## पेज 9 के शेष

### अश्लील वीडियो ..

कर लिया है।पुलिस टीम ने 2 मई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा। इस कार्यवाही से क्षेत्र के साइबर अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ओमप्रकाश बलौदाबाजार...

ग्रहण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार, एसडीओपी बलौदाबाजार अपूर्वा क्षत्रिय, उप पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल साहू, उषा सोंधिया तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू सहित अन्य अधिकारियों ने श्री शर्मा का स्वागत किया। इसके पश्चात श्री शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली।

### प्रगतिशील छत्तीसगढ़ ..

कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष सी एस सांडे ने संस्था के सामान्य सदस्य, आजीवन सदस्य, संरक्षक सदस्यों सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

### जिले में धरोहर ...

पहचान हैं। इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों की सहभागिता से इन महत्वपूर्ण वृक्षों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक भागीदारी करते हुए इस पहल को सफल बनाने का आग्रह किया।

### जिले में तेन्दूपत्ता...

रखने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह सत्र समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने आगे सभी ग्रामीणों एवं संग्राहकों से अपील की है कि वे तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें, ताकि ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके एवं उनकी आजीविका को भी सुदृढ़ किया जा सके।

### सुशासन तिहार में...

मंशानुरूप सुशासन तिहार के दौरान शिविर में लोगों की समस्याओ का त्वरित निराकरण के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।

### श्रमिक दिवस पर एकता मजदूर संघ का कार्यक्रम

# मजदूर ही विकास की आत्मा, उनके श्रम से निर्जीव में भी आता है प्राण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ट्रेड यूनियन छत्तीसगढ़ एकता मजदूर संघ के तत्वावधान में मजदूर भवन हिरमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनियन के संरक्षक अनुपम अग्रवाल ने उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर ही विकास की आत्मा है, जो निर्जीव वस्तुओं को अपने श्रम से सजीव रूप प्रदान करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पत्थर, छैनी और हथौड़े का कोई महत्व नहीं होता, जब तक मजदूर रूपी मूर्तिकार अपने परिश्रम से उसे तराशकर सजीव मूर्ति में परिवर्तित न कर दें।

अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित फ्लोर लेवल वेजेस नीति की जानकारी देते हुए मजदूरों को इसके महत्व और संभावित लाभों से अवगत कराया। उन्होंने



कहा कि यह नीति देशभर के मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

कार्यक्रम में अन्य यूनियनों से आए अजीत पांडे और तामेश्वर जायसवाल तथा उपसरपंच हिरमी प्रेमानंद जायसवाल ने भी मजदूर एकता, अधिकारों और संगठन की मजबूती पर विस्तार से अपने विचार रखे।

इस अवसर पर यूनियन के 15 सेवानिवृत्त मजदूर साथियों का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही यूनियन की प्रधान संरक्षक लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर उत्साह व्यक्त करते हुए जयकारे लगाए गए तथा उनके भव्य सम्मान की रूपरेखा भी तैयार की गई।

कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष यशवंत साहू सहित पदाधिकारी घनश्याम वर्मा, डागा वर्मा, तिलक वर्मा, खिलन पटेल, अशोक मानसाना, राजेश वर्मा और सैकड़ों की संख्या में मजदूर सदस्य उपस्थित थे।

### संकरी में मजदूर दिवस पर सम्मान और जागरूकता कार्यक्रम

**खरोरा।** ग्राम पंचायत संकरी में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्लॉक के उच्च अधिकारियों एवं इंजीनियर शिवेश वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच कविता दिनेश वर्मा ने सभी मजदूरों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दीं और जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत पानी बचाने, वाटर हार्वेस्टिंग एवं शोकपिट निर्माण के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर रोजगार गारंटी कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मजदूर देहुती वर्मा को मेडल एवं 100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण, जल संरक्षण एवं रोजगार गारंटी योजना से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सरपंच कविता दिनेश वर्मा, उपसरपंच केदारनाथ वर्मा, वार्ड पंच, मेट सहित कुल 85 मजदूर उपस्थित थे।



# 5 गांवों के 1000 से अधिक ग्रामीणों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

श्री सीमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम सेमराडीह, मुरकाडीह, करही, चंडी एवं खपराडीह में ऐसे जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सहायता प्रदान की जा रही है, जो दस्तावेजों के अभाव में शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे।

फाउंडेशन द्वारा अब तक 1081 हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाया जा चुका है। इसके तहत आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, वोटर कार्ड तथा उद्यम पंजीकरण (एमएसएमई) जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

इसके साथ ही वर्तमान समय में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता को ध्यान में रखते हुए 811 नागरिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। गांव-गांव में शिविर एवं बैठकों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और योजनाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है।

फाउंडेशन ट्रस्ट की इस पहल को ग्रामीणों ने उपयोगी और लाभकारी बताया है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट द्वारा अपने सभी स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक संतोष वर्मा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला, संकुल केंद्र खरोरा में पदस्थ प्रधानपाठक संतोष वर्मा के अधि वार्षिकी आयु पूर्ण होने के पश्चात आदि शक्ति दुर्गोत्सव समिति केशला, ग्राम पंचायत केशला, शाला प्रबंधन समिति, विद्यालय परिवार, संकुल परिवार खरोरा के संयुक्त तत्वावधान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 38 वर्ष 4 माह और 19 दिनों के अपने शिक्षकीय कार्यकाल में उन्होंने लगभग 22 वर्ष केशला में ही अपनी सेवा प्रदान किए है। मृदुभाषी, व्यवहार कुशल व कुशल नेतृत्वकर्ता होने के कारण वर्मा का संबंध केशला के सभी वर्गों बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी से अत्यंत मधुर है।

अनिल सोनी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते वे जीवन पर्यंत अपने ज्ञान का अलख बिखेरते रहते हैं, वे संतोष वर्माके तारीफों के पुल बांधते नहीं थके। ग्राम पंचायत केशला के सरपंच मया राम वंशे ने कहा कि श्री वर्मा का शिक्षकीय कार्यकाल कार्यकुशलता, त्याग और परिश्रम से ओत प्रोत रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सहायक विकासखंड शिक्षा



अधिकारी एल के जाहिरे ने वर्मा के व्यवहार के फलस्वरूप उनके साथ अनेक वर्षों के संबंध को साझा करते हुए कहा कि श्री वर्मा ऐसे व्यक्तित्व के धनी है जो बरबस ही अपने व्यवहार व नेतृत्व क्षमता से लोगों को आकर्षित कर लेते है। विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने साथ कार्य किए मित्रवत संबंध को साझा किए। संकुल केंद्र खरोरा के नव पदस्थ संकुल समन्वयक रामकरण वर्मा ने संतोष वर्मा के साथ बहुत कम समय में ही बहुत ही अच्छे अनुभवों को साझा किए। इस अवसर पर संतोष वर्मा, सपत्नीक बिसाहिन वर्मा सहित वर्मा के ज्येष्ठ भ्राताश्री चंद्रशेखर वर्मा, भाभी राजकुमारी वर्मा सहित तीनों भतीजे और भतीजा बहुओं के साथ सभी बच्चे भी उपस्थित थे।

# धन्नू बने साहू छात्रावास समिति के अध्यक्ष, 23 मत प्राप्त कर दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

साहू समाज छात्रावास समिति बलौदाबाजार का चुनाव तहसील साहू भवन पलारी में शनिवार को हुआ। इस चुनाव में समाज के कई प्रमुख अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें धन्नू साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत हासिल की। चुनाव मैदान में धन्नू साहू, वेदराम साहू, मोहन साहू, लीलाधर साहू, पूना राम साहू, डायमण्ड साहू, मुकेश साहू, महेंद्र साहू, पारसनाथ साहू, मोहन साहू उतरे थे। मतदान प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई।

मतगणना के बाद घोषित परिणामों में धन्नू साहू को सर्वाधिक 23 मत प्राप्त हुए, जबकि डायमण्ड साहू को



12 मत, मुकेश साहू को 4 मत और महेंद्र साहू को 2 मत प्राप्त हुए। शेष अभ्यर्थियों को कोई मत प्राप्त नहीं हुआ। इस प्रकार धन्नू साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 11 मत से भारी बढ़त बनाते हुए निर्णायक जीत दर्ज की।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारियों जीवन लाल साहू, देवेन्द्र साहू, कौशलेश किशोर साहू, सरोज कुमार साहू, डोमन साहू, सोनसाय साहू, परेटन साहू एवं गनपत साहू की देखरेख में संपन्न हुआ। सभी अधिकारियों ने निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस जीत जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजाराम साहू, पारसमणी साहू, दिनेश साहू, बलदाऊ साहू, बीपी साहू, पुनीतराम साहू, सीताराम साहू, रामकुमार साहू, हेमंत साहू, भोलाराम साहू, केशव साहू, लेखराम साहू, प्रीतम साहू, उमाशंकर साहू आदि ने बधाई दी।

# 10 वीं 12 वीं बोर्ड में खेलों से मिले बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ब्लॉक के शा.उ. मा. विद्यालय नवापारा बलौदाबाजार जिला में नई मिसाल बनकर सामने आया है। 10वीं 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के पांच बच्चों को खेल से बोनस अंक मिलने पर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के इस नवाचार से जिले के सामान्य विद्यार्थियों सहित खिलाड़ी विद्यार्थियों को काफी प्रेरणा मिली है। इन पांचों विद्यार्थियों ने साल भर पढ़ाई व खेल में संतुलन बनाते हुए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कड़ी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि विद्यार्थी जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई व खेल दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व एनसीसी ऑफिसर वीरेंद्र पटेल ने बताया कि कक्षा 12वीं से चार बच्चे, करण बघेल राष्ट्रीय धावक, आकांक्षा साहू राष्ट्रीय धाविका, तान्या ध्रुव राष्ट्रीय साइकिलिस्ट, रेणुका निषाद सीनियर वॉलीबॉल स्टेट मेडलिस्ट, और कक्षा दसवीं से जूनियर वॉलीबॉल स्टेट मेडलिस्ट साक्षी वर्मा को शासन के नियम अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पांचो को 10-10 अंक प्रदान किया गया। इस बिरले उपलब्धि के लिए सिमगा जनपद पंचायत के अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहनलाल वर्मा, प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा, शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी आदित्य सिंह ठाकुर, अनुपम अग्रवाल और खेल प्रेमी पार्षद सचिन जैन सहित ग्राम नवापारा के समस्त ग्राम वासियों ने आभार जताया।

### लोटस पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**भटगांव।** नगर भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने न केवल शत-प्रतिशत परिणाम दिया है, बल्कि समूचे बिलाईगढ़ क्षेत्र में अपना दबदबा साबित कर दिया है। स्कूल के 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं का परिणाम 100% आया हैपरीक्षा में कक्षा दसवीं में शामिल सभी 25 के 25 छात्र उत्तीर्ण रहे। 63% से ऊपर ही सभी छात्रों का परिणाम आया विद्यालय के छात्र भूपेश जायसवाल ने 97.16% अंक लाकर इतिहास रच दिया। भूपेश मात्र 2 अंकों के मामूली अंतर से प्रदेश की टॉप-10 सूची में जगह बनाने से चूक गए।गणित जैसे कठिन विषय में दो छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर सबको चौंका दिया है। 12वीं में कुल 48 छात्र परीक्षा में बैठे और सभी सफल रहे। निधि केवट ने 94.66% अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया। आपको बता दें कि कल 48 छात्र-छात्राओं में 45 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है । स्कूल प्रबंधन के डायरेक्टर लक्ष्मी साहू ,वाइस प्रिंसिपल विक्की यादव ने इस सफलता का पूरा श्रेय समर्पित शिक्षकों और उन अभिभावकों को दिया है जिन्होंने स्कूल पर अपना अटूट विश्वास , बनाए रखा है।

### गोल्ड, सिल्वर मेडल और शील्ड प्रदान कर किया सम्मानित

# प्रतिभावान छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने दिया मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ज्ञान विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026 के उत्कृष्ट परिणामों पर मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में मिठाई खिलाकर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में वसुंधरा साहू ने 92.00% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जान्हवी यादव 90.60% द्वितीय एवं योगिता साहू



87% तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में नेहा साहू ने 91.84% अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। माधवी मनहर 88.84%, द्वितीय तथा सहाना परवीन 88.17% तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम में देविका साहू ने शानदार 95.17% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महेजाबिन खान 94.17% द्वितीय एवं विवेक टांडेय 91.17%, तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8वीं अंग्रेजी माध्यम में प्रभाकर पटेल 97.00% प्रथम, आंचल साहू 94.50%, द्वितीय तथा पूनम चौहान 92.00% तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8वीं हिंदी माध्यम में भावेश साहू 96.83% ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरती पटेल 95.00%, द्वितीय एवं रेशमा साहू 91.33% तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 5वीं के परिणाम में सानिया जांगड़े ने 98.00% अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। विवेक देवांगन, आराध्या मनहर एवं आरुष साहू ने 95.00% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना और विद्यालय में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

# छात्रों ने जाना पेड़ का जीवन में क्या है महत्व



**पलारी।** शनिवार को युवा कार्यक्रम के तहत प्रकृत्ति से छात्र छात्राओं को जोड़ने युवा छात्र छात्राओं को अपना भविष्य स्वयं निर्माण करने स्वस्थ रहने के लिए आगे का आव्हान किया गया। डॉ. कर ने पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति को वापस करने आम के गुठलियों को इकट्ठा करने और पौधा के रुप में परिणित करने से रोपण रखरखाव पर जोर दिए। धमनी समिति द्वारा प्राकृतिक आलय निर्माण संबधित कार्य की सराहना करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. कर ने हर संभव सहयोग करके समिति की समस्याओं को दूर करने आगे आने की बात कही।वीटप्रभारी मनबोधन टंडन ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सहा. परिक्षेत्र अधिकारी राधे लाल चंद्राकर रोहासी, वनपाल धर्म सिंह बरिहा, धारासीव वीटप्रभारी राकेश ध्रुव, सहा. वीटप्रभारी आबिद खान सहित पलारी महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।




संकलनकर्ता इंदर कोटवानी तिल्दा नेवरा 7000 171605, व्हाट्सएप नंबर 93006 88639

## खबर संक्षेप

### भरसेला की तेजस्विनी ब्लाक में अव्वल

बलौदाबाजार। पूर्व माध्यमिक शाला भरसेला (बड़ा) की छात्रा तेजस्विनी निर्मलकर ने केंद्रीकृत पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा 8वीं में 96.92% अंक अर्जित किए हैं। उन्होंने विकासखण्ड की मेरिट सूची में स्थान बनाकर संकुल



केन्द्र भरसेला एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, विषय के प्रति लगन एवं अनुशासित अध्ययन का परिणाम है। तेजस्विनी की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा एवं संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण बलदाऊ प्रसाद साहू, लक्ष्मी ध्रुव, आकांक्षा तिवारी, कुसुमकान्ति टोप्पो, खुशबु क्षत्रिय, भारती पांडे, विजय लहरे एवं ओजस्वीता ध्रुव ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आयोजन : डॉ. सक्सेना ने सामाजिक सदभाव और एकता का दिया संदेश

# झुमरपाली में रामनामी बड़े भजन मेला की तैयारी, निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

अखिल भारतीय रामनामी महासभा बड़े भजन मेला के लिए ग्राम झुमरपाली भटगांव में भूमि पूजन किया गया, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के संघ चालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना के मुख्य अतिथि के हाथों संपन्न हुआ।

■ अखिल भारतीय रामनामी महासभा भजन मेला के लिए हुआ भूमि पूजन

विदित हो कि अखिल भारतीय रामनामी महासभा बड़े भजन मेला वार्षिक सम्मेलन 2026- 27का झुमरपाली भटगांव में होना तय हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य क्षेत्र के संघ चालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



उन्होंने सामाजिक सदभाव एवं एकता पर विशेष बल दिया। डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि राम का नाम केवल संकीर्ण आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वह सूत्र है जो संपूर्ण समाज को समरसता के धागों में पिरोता है। रामनामी समाज ने जिस तरह अपनी भक्ति और आचरण से शांति व सदभाव का संदेश दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणादाई है। जब हम जात पात और भेदभाव से ऊपर उठकर एक दूसरे का सम्मान करते हैं। तभी एक सशक्त और सु संस्कृत समाज की नींव पड़ती है। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई जो सतनाम भवन से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए मेला स्थल झुमरपाली पहुंची, उसके पश्चात मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास की कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समस्त नगरवासी रामनामी भजन संस्था के सदस्य और प्रबुद्धजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. फिरत राम निराला, नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, रामनामी समाज के अध्यक्ष गुलाराम रामनानी, नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, हरदिहा पटेल मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद पटेल, ग्रंथपाल डॉक्टर, गिरीश शंकर वैष्णव, शिक्षक संजीव राजेत्री के साथ-साथ सामाजिक जनप्रतिनिधि और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्व. पं. बंशराज तिवारी की स्मृति में 6 मई को नि:शुल्क रोग निदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय स्थित चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में पूर्व विधायक (1977-80), अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्व. पं. बंशराज तिवारी की स्मृति एवं जन्म जयंती पर 6 मई को 20वें निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पिछले 20 वर्षों से उनके पुत्र डॉ. प्रमोद तिवारी द्वारा निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिससे अब तक हजारों मरीज लाभान्वित हो चुके हैं।

एक दिवसीय इस निःशुल्क शिविर में सामान्य रोगों के साथ स्त्री रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, अस्थि रोग, उदर रोग, श्वसन रोग, रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की जाएगी। इसके अलावा हाइड्रोसील, हार्निया एवं बवासीर से पीड़ित मरीजों के ऑपरेशन भी निःशुल्क किए जाएंगे।

शिविर में आवश्यकतानुसार मरीजों की खून जांच, एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईसीजी तथा दवा वितरण की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। गंभीर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श एवं संभावित उपचार की जानकारी दी जाएगी।

शिविर में डॉ. प्रमोद तिवारी के साथ उनके पुत्र डॉ. नितिन तिवारी, पुत्रवधु डॉ. गीतिका शंकर तिवारी, पुत्री डॉ. सुकृति तिवारी सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि यह भव्य निःशुल्क शिविर 6 मई बुधवार को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मरीजों का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। आयोजकों ने जरूरतमंद मरीजों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाने की अपील की है।

## मोपका स्कूल के प्रतिभावान छात्रों का साहू समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका में 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। साहू समाज मोपका परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष कौशल कुमार साहू एवं सोमेंद्र साहू द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले कक्षा 10 वी से टामिम साहू पिता ताराचंद साहू 92%, गीतांजलि साहू पिता कृष्णा साहू 91%,प्रज्ञा साहू पिता लक्ष्मी शंकर साहू 91%, तुलसी साहू पिता रंजीत साहू 83%, रोहन कुमार साहू पिता पुनीत राम साहू 81%, नागेंद्र कुमार साहू पिता सोमेंद्र कुमार साहू 79%, यामिनी साहू पिता सालिक राम साहू 78%। कक्षा 12 वी में







टापेश्वरी साहू पिता सालिक राम साहू 85%, प्राची साहू पिता लक्ष्मी शंकर साहू 80%, प्रतिभावान विद्यार्थियों के उनके घर जाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## गौ सम्मान अभियान के दूसरे चरण का प्रचार प्रसार तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए आदि शक्ति गौ माता सेवा समिति द्वारा दूसरे चरण के अभियान की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। इसी कड़ी में गौ माता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश महासचिव दास साहू अपने टीम के साथ गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात कर अभियान के होने वाले दूसरे चरण 27 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपने आव्हान कर रहे हैं। दुसरे चरण 27 जुलाई को सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह अभियान चार चरणों में होगा।

■ ग्रामीणों को अभियान से जुड़ने का आह्वान

दास जी ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में पुरे देश में गौ हत्या बंद हो, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला का निर्माण किया जाये, जिससे गौ माता सुरक्षित स्थान पर रहे सहित विभिन्न मांगे शामिल हैं। जिससे गौ माता सड़क गली मोहल्ले में न लावारिस न घुमे और उसका संरक्षण हो सके। उक्त मौके पर मोहन दास साहू, मनोज दास सिंह, मुन्ना खान, गोविंद राम, कुंवर दादर साहू, सुमंत साहू, सरपंच ओटगन हिमांशु तिवारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।



### अभियान के प्रचार-प्रसार गांव गांव में दे रहे दस्तक

गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत प्रदेश महासचिव दासजी साहू सिमगा ब्लाक के ग्राम दामाखेड़ा, बनसांकरा, लांजा होते ओटगन पहुंचे जहां उन्होंने सरपंच हिमांशु तिवारी व ग्रामीणों को इस अभियान में जुड़ने आव्हान किया तथा गौ माता को भोजन परोसने के लिए थाली भेंट किया। उन्होंने अभियान के बारे में बताया कि विगत एक माह से अभियान के प्रचार-प्रसार में उनकी टीम प्रदेश के गांव गांव में घुम रहे हैं। प्रथम चरण में 27 अप्रैल को प्रदेश के सभी तहसीलों में एक साथ ज्ञापन सौंपा गया।

